उज्जैन के राजा मेरे भोले भंडारी है

बाबा की नगरी की तो बात निराली है,
बात निराली है बात निराली है,
उज्जैन के राजा मेरे भोले भंडारी है.....

बाबा की नगरी की तो बात निराली है,
देखो बात निराली है बात निराली है,
उज्जैन के राजा मेरे भोले भंडारी है,
ॐ जय जय महाकाल,
ॐ हर हर महाकाल....

दर्शन करने जो कोई बाबा,
सच्चे मन से आते है,
तेरी एक झलक पा करके,
धन्य धन्य हो जाते है,
सच कहू महाकाल प्रभु की दुनिया दीवानी है,
उज्जैन के राजा मेरे भोले भंडारी है....

आयी भोले की सवारी आयी शंकर की सवारी,
आयी महाकाल की सवारी दुनिया करती दर्शन सारी,
ओ महाकाल रे जय जय महाकाल,
भोले सुन्दर रूप बनाये बाबा भक्तो के संग आये,
ओ महाकाल रे जय जय महाकाल,
मेरे भोले भोले शम्भू मेरे भोले भोले शम्भू....

सजधज कर महाकाल प्रभु जब नगर भरमाड़ पर आते है,
हां देख सवारी भोले नाथ की सबके मन हर्षाते है,
हो भोले पालकी में बैठ के सारी दुनिया संवरी है,
उज्जैन के राजा मेरे भोले भंडारी है....

बाबा की नगरी की तो बात निराली है,
देखो बात निराली है बात निराली है,
उज्जैन के राजा मेरे भोले भंडारी है,
ॐ जय जय महाकाल,
ॐ हर हर महाकाल....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28291/title/ujjain-ke-raja-mere-bhole-bhandari-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |